प्रसार भारती

भारतीय प्रसारण निगम

आकाशवाणी केन्द्र शिमला

17.03.2026 / प्रादेशिक समाचार / 19:45बजे

"मुख्य समाचार"

- राज्य सरकार ने विभिन्न प्राधिकरणों से कैबिनेट रैंक लिये वापिस– संबंधित अधिकारियों के वेतन और मासिक भत्तों का 20 प्रतिशत हिस्सा 30 सितंबर तक रहेगा स्थगित।
- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण कल से– 21 मार्च को मुख्यमंत्री पेश करेंगे बजट– नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–जनहित के सभी मुद्दों को उठाएगा विपक्ष।
- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–वित्तीय चुनौतियों के बावजूद शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट में में नहीं होगी कटौती।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा– केंद्र ने हिमाचल के लिए 3 सौ 66 करोड़ रूपये की परियोजनाओं को दी मंजूरी।
- बिलासपुर का 7 दिवसीय राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला शुरू।

कैबिनेट रैंक

राज्य सरकार ने विभिन्न प्राधिकरणों को दिए गए 'कैबिनेट रैंक' के दर्जे को वापस लेने का निर्णय लिया है। इसमें बोर्ड, निगम और आयोगों के चेयरमैन, वाईस चेयरमैन, डिप्टी चेयरमैन और प्रधान सलाहकार व राजनीतिक सलाहकार शामिल हैं। मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा कि यह निर्णय व्यवस्था परिवर्तन का हिस्सा है और आने वाले समय में कई परिवर्तन किए जाएंगे। उन्होंने कहा कि इन पदों को दिए गए 'कैबिनेट रैंक' से संबंधित सभी प्रावधान तत्काल प्रभाव से समाप्त कर दिए गए हैं। इसके अलावा संबंधित अधिकारियों के वेतन और मासिक भत्तों का 20 प्रतिशत हिस्सा इस वर्ष 30 सितंबर तक स्थगित रहेगा।

विधानसभा सत्र

प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण कल 18 मार्च से शिमला में शुरू हो रहा है जो 2 अप्रैल तक चलेगा। सत्र के दौरान 21 मार्च को मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू वित्त वर्ष 2026–27 का बजट पेश करेंगे। सत्र के इस चरण में कुल 13 बैठकें होंगी। विस्तृत ब्यौरे के साथ हमारे विशेष संवाददाता.......

*डिस्पैच– 14वीं विधानसभा के 11वें सत्र का दूसरा चरण कल सुबह 11 बजे शिमला में शुरू होगा। करीब एक महीने के अंतराल के बाद शुरू हो रहे बजट सत्र के दूसरे चरण में 13 बैठकें होंगी जबकि पहले चरण में 3 बैठकें आयोजित की गई थीं और इस बजट सत्र में कुल 16 बैठकें होंगी। विधानसभा अध्यक्ष कुलदीप सिंह पठानिया ने शिमला में बताया कि बजट सत्र की शुरूआत कल राज्यपाल के अभिभाषण पर धन्यवाद प्रस्ताव और चर्चा के साथ होगी। उन्होंनें बताया कि 18 से 20 मार्च तक धन्यवाद प्रस्ताव पर चर्चा होगी।*

*विधानसभा अध्यक्ष ने उम्मीद जताई कि इस बजट सत्र में प्रदेशहित से जुड़े मुद्दों पर सार्थक चर्चा होगी।*

*विधानसभा अध्यक्ष ने सत्ता पक्ष व विपक्ष से सत्र के सुचारू संचालन में सहयोग की अपील की है।*

जयराम ठाकुर

नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा है कि 18 मार्च से विधानसभा के बजट सत्र के दूसरे चरण की शुरुआत हो रही है और विपक्ष सदन में जनहित के सभी मुद्दों को उठाएगा। शिमला में उन्होंने कहा कि प्रदेश में कानून व्यवस्था, बिगड़ती आर्थिक स्थिति और ठप पड़े विकास कार्य जैसे कई गंभीर मुद्दे हैं, जिन पर विपक्ष ने नोटिस दिए हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार के पास इन सवालों के जवाब नहीं हैं और वह लगातार सदन को गुमराह कर रही है। नेता प्रतिपक्ष ने भ्रष्टाचार के मुद्दे पर सरकार को आड़े हाथ लेते हुए एंटी करप्शन ब्यूरो और विजिलेंस विभाग को सूचना का अधिकार के दायरे से

बाहर करने के निर्णय पर कड़ी आपत्ति जताई। उन्होंने सरकारी संस्थानों के दुरूपयोग का आरोप लगाते हुए कहा कि कैबिनेट रैंक वापिस लेने की प्रक्रिया महज जनता की आंखों में धूल झोंकने का एक असफल प्रयास है।

मुख्यमंत्री

मुख्यमंत्री सुखविन्द्र सिंह सुक्खू ने कहा है कि वित्तीय चुनौतियों के बावजूद शिक्षा और स्वास्थ्य क्षेत्रों के बजट में कोई कटौती नहीं की जाएगी। आज शिमला में उच्च शिक्षा में सुधारों पर आयोजित प्रधानाचार्य सम्मेलन की अध्यक्षता करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा क्षेत्र में बदलाव लाने के लिए सरकार ने कई पहल की है और महाविद्यालयों में गुणवत्तापूर्ण शिक्षा सुनिश्चित करने के लिए स्कूलों की तर्ज पर कॉलेज रैंकिंग प्रणाली भी लागू की गई है। मुख्यमंत्री ने सभी शीर्ष रैंकिंग वाले कॉलेजों को सम्मानित किया और प्रत्येक को एक–एक लाख रुपये का चेक प्रदान किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सीबीएसई स्कूलों में अगले दो महीनों में आवश्यकतानुसार सभी शिक्षकों की नियुक्ति सुनिश्चित की जाएगी। इस अवसर पर शिक्षा मंत्री रोहित ठाकुर सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

विक्रमादित्य सिंह

लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा है कि केंद्रीय आवास व शहरी कार्य मंत्रालय से राज्यों को पूंजीगत निवेश के लिए विशेष सहायता योजना 2025–26 के तहत हिमाचल को 3 सौ 66 करोड़ रूपये की परियोजनाओं को मंजूरी मिली है। आज शिमला में उन्होंने कहा कि हाल ही में केंद्रीय सड़क परिवहन व राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी और शहरी विकास मंत्री मनोहर लाल खट्टर से भेंट के दौरान प्रदेश से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर सकारात्मक प्रतिक्रिया मिली है। लोक निर्माण मंत्री ने कहा कि इस धनराशि से प्रदेश में शहरी विकास को नई गति मिलेगी और लोगों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध होंगी। उन्होंने बताया कि इन परियोजनाओं में शिमला के सब्जी मंडी के पुनर्विकास के लिए एक सौ 40 करोड़ रूपये और हमीरपुर के पुराने बस स्टैंड के पुनर्विकास के लिए 80 करोड़ रूपये स्वीकृत किए गए हैं।

नलवाड़ी मेला

बिलासपुर ज़िला के ऐतिहासिक व सांस्कृतिक गौरव के प्रतीक एक सौ 37 वर्ष पुराने 7 दिवसीय राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेले का आज नगर व ग्राम नियोजन मंत्री राजेश धर्माणी ने खूंटी गाड़कर विधिवत शुभारंभ किया। इस दौरान उन्होंने लक्ष्मी नारायण मंदिर से आरंभ हुई भव्य शोभायात्रा का नेतृत्व किया और लुहणू मैदान में विभिन्न विभागों द्वारा लगाई गई प्रदर्शनियों का उद्घाटन किया। धर्माणी ने कहा कि वर्षों पहले इस नलवाड़ी मेले में ग्रामीण अपने उत्पादों की बिक्री और पशुधन की खरीद–फरोख्त करते थे, लेकिन वर्तमान में ये मेला सांस्कृतिक, सामाजिक व आर्थिक गतिविधियों का प्रमुख मंच बन चुका है।

अग्निहोत्री

उप–मुख्यमंत्री मुकेश अग्निहोत्री ने आज हरोली विधानसभा क्षेत्र में कौशल विकास केंद्र पालकवाह में एस.डी.आर.एफ. प्रशिक्षण केंद्र और ऊना शहर की रक्कड़ कॉलोनी के लिए पेयजल योजना का लोकार्पण किया। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि इस केंद्र के माध्यम से भूकंप, बाढ़ व भूस्खलन जैसी प्राकृतिक आपदाओं के दौरान त्वरित बचाव और राहत व प्राथमिक चिकित्सा के लिए जवानों व नागरिकों को प्रशिक्षित किया जाएगा।

'' मुख्य समाचार एक बार फिर''

- राज्य सरकार ने विभिन्न प्राधिकरणों से कैबिनेट रैंक लिये वापिस– संबंधित अधिकारियों के वेतन और मासिक भत्तों का 20 प्रतिशत हिस्सा 30 सितंबर तक रहेगा स्थगित।
- प्रदेश विधानसभा के बजट सत्र का दूसरा चरण कल से– 21 मार्च को मुख्यमंत्री पेश करेंगे बजट– नेता प्रतिपक्ष जयराम ठाकुर ने कहा–जनहित के सभी मुद्दों को उठाएगा विपक्ष।

- मुख्यमंत्री सुखविंद्र सिंह सुक्खू ने कहा–वित्तीय चुनौतियों के बावजूद शिक्षा व स्वास्थ्य क्षेत्र के बजट में में नहीं होगी कटौती।
- लोक निर्माण मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा– केंद्र ने हिमाचल के लिए 3 सौ 66 करोड़ रूपये की परियोजनाओं को दी मंजूरी।
- बिलासपुर का 7 दिवसीय राज्य स्तरीय नलवाड़ी मेला शुरू।

---